# एस. एस. जैन सुबोध पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर

## वार्षिक साधारण सभा 2025 हेतु प्रगति प्रतिवेदन

## सत्र 2025–26

**संक्षिप्त इतिहास :–**

एस.एस. जैन सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की स्थापना 1999 में 126 छात्राओं के प्रवेश के साथ हुई थी। इस वर्ष 2024 में, महाविद्यालय ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती मना रहा हैं। रजत जयंती समारोह के अवसर पर महाविद्यालय में 'सुबोधिका – एक गौरवमयी सफलता का गीत' नामक स्मारिका पत्रिका का विमोचन किया गया, जो हमारे 25 वर्षों की यात्रा के यादगार पलों को संजोए हुए है।

1999 में केवल बी.ए. और बी.कॉम. पाठ्यक्रम से शुरूआत करते हुए वर्तमान में महाविद्यालय में मानविकी, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन और विज्ञान में कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला संचालित की जा रही हैं। वर्तमान में महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 3 पास कोर्स एवं स्नातकोत्तर स्तर पर 12 पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। BBA और BCA जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम, साथ ही 3 कौशल विकास डिग्री पाठ्यक्रम, 2 कौशल विकास पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम, 4 आरकेसीएल पाठ्यक्रम और NEP 2020 आवश्यकताओं के साथ संरेखित 5 प्रमाणपत्र–डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाये जा रहे हैं। हमारी सह–पाठयक्रम और पाठ्येतर गतिविधियाँ छात्राओं के समग्र विकास मे सतत प्रयत्नशील है।

पिछले 25 वर्षों में 100 से अधिक सुबोध मनीषियों ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में लगातार उच्च स्थान प्राप्त कर शैक्षणिक उत्कृष्टता के मानक स्थापित किए हैं, जिसमें परीक्षा परिणाम सदैव 90–100% के बीच रहे हैं। हमारे छात्रों ने विभिन्न कार्यक्रमों में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें बी.कॉम, बी.ए., बी.एससी., बीसीए, और बीबीए में 100% परिणाम और एम.कॉम (ईएएफएम / एबीएसटी) में 97% और एम.ए. और एम.एससी. में 100% परिणाम प्राप्त हुए हैं।

संस्था में स्थापित करियर विकास केंद्र विभिन्न प्रशिक्षण–प्लेसमेंट कार्यक्रमों और एमओयू के माध्यम से शिक्षा और रोजगार के बीच एक पुल का कार्य करता है। COPA, ICICI प्रूडेंशियल, AU फाइनेंस और एक्सेंचर जैसे संगठनों के साथ इंटर्नशिप हमारे शैक्षणिक वातावरण को समृद्ध करती है। हम IAS और RAS प्रारंभिक परीक्षा के पेपरों के विश्लेषण पर कार्यशालाएं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हमारी "प्रतियोगिता सिद्धि ", निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं भी प्रदान करते हैं। हमारे पूर्व छात्रों ने शिक्षा, उद्योग, सार्वजनिक सेवा और उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धियाँ शिक्षा की गुणवत्ता और हमारे कॉलेज द्वारा प्रदान की गई मजबूत नींव को दर्शाती हैं।

समग्र विकास के लिए हमारी प्रतिबद्धता हमारे जीवंत सह–पाठ्यचर्या और पाठ्येतर कार्यक्रमों में स्पष्ट है। हमारे विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य, नाटक आदि में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एनएसएस, एनसीसी, रेड रिबन क्लब और गैर सरकारी संगठनों के साथ हमारी साझेदारी सहित हमारी सामुदायिक सेवा पहलों में स्पष्ट है।

हमारे कॉलेज को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रमाण पत्र और उत्कृष्ट एनएसएस गतिविधियों के लिए राजस्थान सरकार से सर्वश्रेष्ठ कॉलेज का पुरस्कार मिला है। क्षेत्रीय स्तर पर, हमारी टीम ने स्किट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और पीपीटी प्रस्तुति में तीसरा स्थान प्राप्त किया। हमने डिजिटल इंडिया कार्यशाला में दूसरा स्थान और रेड रिबन क्लब गतिविधियों के लिए राजस्थान के स्टार परफॉर्मर का पुरस्कार भी जीता।

हमारी छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में न केवल भाग लिया है, बल्कि क्षेत्रीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, पिछले 25 वर्षों में कुल 4,114 पदक अर्जित किए हैं।

हमने शोध क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है, हमारे संकाय सदस्यों ने लगभग 20 पुस्तकें, 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, और कई पेटेंट अर्जित किए हैं। महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार, सम्मेलन और विशेष व्याख्यानों ने समृद्ध बौद्धिक चर्चाओं को बढ़ावा दिया है।

**संस्थागत उपलब्धिया :—**

पिछले 25 वर्षो में हमारे संस्थान ने अपने उत्कृष्ट प्रयासों और योगदानों के लिए कई पुरस्कार प्राप्त कियें हैं। इनमें से कुछ प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं:

ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए मान्यता प्राप्तः हमारे संस्थान को "संस्थागत भवन" और "ऊर्जा क्लब" श्रेणियों में ऊर्जा संरक्षण के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय श्री भंवरलाल भाटी, ऊर्जा मंत्री, श्री भास्कर ए. सावंत, आईएएस, प्रधान सचिव ऊर्जा, और श्री अशुतोष पेडणेकर, आईएएस, सीएमडी और चेयरमैन आरआरईसीएल द्वारा प्रदान किए गए।

बौद्धिक संपदा अधिकारों पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्रः उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, भारत सरकार के पेटेंट डिजाइन और ट्रेडमार्क के नियंत्रक जनरल के कार्यालय से हमारे संस्थान को यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है।

स्वैच्छिक रक्तदान प्रमाण पत्रः एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के इम्यूनोहैटोलॉजी और ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान और जरूरतमंद मरीजों के प्रति निःस्वार्थ समर्थन के लिए हमारे कॉलेज को प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। एसएमएस ब्लड बैंक के सहयोग से सफल रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए पुरस्कार और सम्मान भी प्राप्त किया।

सर्वश्रेष्ठ एनएसएस गतिविधियों के लिए राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कॉलेज पुरस्कारः राजस्थान सरकार द्वारा हमारे कॉलेज को 2003—04, 2005—06, 2012—13, 2017—18, और 2020—21 में सर्वश्रेष्ठ एनएसएस गतिविधियों के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

**सत्र 2023–24 एवं वर्तमान (Till Date)में महाविद्यालय द्वारा अर्जित प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं–**

सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजस्थान सरकार के **उपमुख्यमंत्री** और सड़क एवं परिवहन मंत्री, माननीय **डॉ. प्रेम चंद बैरवा** द्वारा सम्मानित किया गया।

छात्राओं के विकास एवं कौशल विकास नवीनतम तकनीक के प्रशिक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के लिए 16 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) रेनू जोशी को आईसीटी अकादमी (ICT Academy) और ओपनवीवर (Open Weaver) से उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय ने 28 सितंबर 2023 को बारह राज्यों के सदस्यों की एसएसआरएएन की आम सभा की बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) रेणु जोशी को अगस्त 2023 में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के प्रभावी समन्वय के लिए सम्मानित किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर (डॉ.) रेणु जोशी को स्त्री शक्ति सम्मान–2024, क्रेडेंट शिक्षक श्री सम्मान–2024 एवं शिक्षक दिवस पर ऐकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड–2024 से सम्मानित किया गया जो महाविद्यालय के लिये अत्यन्त गौरव का विषय हैं।

**संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्याः– 2700**

**संस्था में उपलब्ध पाठ्यक्रम एव विषयों की सूचना :–**

बी.एससी. – भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणीशास्त्र, मनोविज्ञान

बी.ए.–अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी साहित्य, मनोविज्ञान, हिंदी साहित्य, लोक प्रशासन, इतिहास, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल

बी.कॉम– एबीएसटी., बीएडीएम., ईएएफएम.

एम.एससी. – रसायन विज्ञान, गणित, मनोविज्ञान

एम.ए.–लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य, मनोविज्ञान

एम.काम– ईएएफएम., एबीएसटी

**व्यवसायिक पाठ्यक्रम–** बीबीए, बीसीए

**कौशल एवं उद्यमिता विकास पाठ्यक्रम**

बी.वॉक –डेटा ऐनालेटिक्स, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, योगा एंड नेचुरोपेथी

पी.जी डिप्लोमा – ए.आई एंड डेटा ऐनालेटिक्स,

**डिप्लोमा** – आर.एस. सी. आई टी., एडवांस ऐक्सल, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक्स डिजिाइनिंग

**सर्टिफिकेट कोर्सेज –** साइबर सिक्योरिटी, अर्लीचाइल्डहुड केयर ऐजूकेशन (ECCE), रेकी एवं सूजोक थेरिपी, प्राणिक हीलिंग आर्ट एंड क्राफ्ट

**संस्था का वर्ष 2023 – 24 का विश्वविद्यालय का परीक्षा परिणाम :–**

| Class | U.G. Pass Percentage% |
|---|---|
| B.Com. | 98.60 |
| B.A. | 95.33 |
| B.Sc.-Bio | 97.93 |
| B.Sc.-Maths | 85.70 |
| BCA | 100 |
| BBA | 98.93 |

| Class | P.G. Pass Percentage% |
|---|---|
| M.Com.-ABST | 93.33 |
| M.Com.-EAFM | 100 |
| M.A. Pub. Admn. | 100 |
| M.A.-English | 80.00 |
| M.Sc. Chemistry | 91.31 |
| M.A./M.Sc. Psy. | 100 |

**विश्वविद्यालय की मेरिट सूची मे चयनित छात्राओं के नाम :–**

1. सुश्री प्रियंका राठौड़ — बी.सी.ए.– II स्थान
2. सुश्री नीव्या चौधरी — बी.सी.ए. –VIII स्थान
3. सुश्री प्रतिभा धींगरा — बी.सी.ए. –II स्थान
4. सुश्री सोनम गुप्ता — एम.एस.सी रसायन शास्त्र– IV स्थान
5. सुश्री गार्गी शर्मा — एम.ए. लोक प्रशासन –IV स्थान

**संस्था में कार्यरत कार्मिक (शैक्षणिक व अशैक्षणिक) की संख्या :–**

शैक्षणिक – 54 अशैक्षणिक 27

**खेलकूद स्काउटिंग / गाईड / एन.सी.सी. / एन.एस.एस. इत्यादि में उल्लेखनीय योगदान करने वाले विद्यार्थियों का विवरण व उपलब्धि :–**

**खेलः**

इस सत्र में 7 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक, 6 कांस्य पदक और कई भागीदारी पुरस्कारों की प्रभावशाली संख्या देखी गई, जिससे हमारे कॉलेज को महत्वपूर्ण प्रशंसा और मान्यता मिली। कुछ कुछ प्रमुख खेल उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा सानिया परवीन ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते।

महाविद्यालय की टीम ने कुश्ती चैंपियनशिप जीती जिसमें छात्राओं ने 2 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। जूडो चैंपियनशिप में छात्राओं ने 2 स्वर्ण एवं 2 कांस्य पदक और बाक्सींग चैंपियनशिप में 2 कांस्य पदक जीते।

कॉलेज की क्रिकेट टीम ने महाराजा कॉलेज, जयपुर में महाराजा कप एवं कॉमर्स कॉलेज, जयपुर में अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता भी जीती ।

महाविद्यालय की टीम ने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में हैंडबॉल चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**एनएसएस/आरआरसीः**

महाविद्यालय की टीम ने रवींद्र मंच द्वारा आयोजित जिला स्तर की नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं को नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला।

**संस्था द्वारा साहित्यक गतिविधि यथा वाद विवाद/पत्र वाचन/निबंध प्रतियोगिता/भाषण प्रतियोगिता तथा विश्वविद्यालय में प्रतियोगिताओं मे भाग लेने वाले विद्यार्थियों का विवरण :-**

डिंपल सांखला, बी.कॉम. तृतीय वर्ष की छात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर समर्पण युवा जागृति पुरस्कार मिला।

तान्या भारद्वाज, बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा, प्रजातंत्र की टीम युवाम् द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में अंतिम चरण तक पहुंची।

हर्षिता वर्मा और मोनिका शर्मा, बी.कॉम. तृतीय वर्ष और बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने आईबीएस, जयपुर में प्रथम पुरस्कार जीता।

एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज, जयपुर में फोटोग्राफी प्रतियोगिता में सलोनी पारीक, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने द्वितीय व कोमल परेवा, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

मानसी जोशी और गीताजंली लालवानी, बीबीए द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राओं ने जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर में अभिमन्यु युगल नृत्य प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

मनस्वी सक्सेना, कशिश सेवानी और अनुष्का श्रीवास्तव, बीसीए तृतीय और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने टेक फेस्ट, आईआईएसयू, जयपुर में द्वितीय पुरस्कार जीता।

कस्तूरी 2024 (बीट्ज़), कनोरिया पी.जी. महिला महाविद्यालय, में खुशनुमा रियाज और भावना सैनी, बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने कोड वॉर व कालेज टीम ने वेस्टर्न डांस श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज की टीम ने अंतर महाविद्यालयी प्रतियोगिता, रावत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ में फेस पेंटिंग में तृतीय स्थान और सांत्वना पुरस्कार व कार्ड मेकिंग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

कॉलेज की टीम ने जयपुर कला महोत्सव, महावीर कॉलेज, जयपुर में ग्रुप डांस प्रतियोगिता में तृतीय स्थान और नकद पुरस्कार प्राप्त किया।

**संस्था गत शैक्षणिक सत्र में भौतिक संसाधनो की प्रगति का विवरण :–**

हमारे महाविद्यालय में सौर ऊर्जा उत्पादन केंद्र, जल संरक्षण की व्यवस्था, और 260 औषधीय पौधो का एक वनस्पति उद्यान शामिल है, जो सभी सतत विकास का समर्थन करते हैं। इसके अलावा, यहां लिफ्ट, योग प्रयोगशाला एवं भूगोल प्रयोगशाला भी इस वर्ष से उपलब्ध हैं।

**वित्तीय वर्ष 2023–24 की बजट राशि :–** 8,08,20,000.00

**अन्य कोई विशेष उपलब्धियां :–**

छात्राओं को प्लेसमेंट, इटर्नशिप और साफ्ट स्किल सुधार में लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से, कॉलेज ने National Skill Training Institute एवं विभिन्न Industries के साथ MOU पर हस्ताक्षर किये।

Emerging Trends and Perspectives in Research and Innovations विषय पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बहुविषयक सम्मेलन आयोजित किया गया।

Framing Multiple Choice Questions, Attributes Quality & Precaution विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बी.एस.सी. की छात्रा **सुरभि जैन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा, 2024 मे चयनित** होकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

डॉ. स्वाति जैन
प्राचार्य

PRINCIPAL
S.S. Jain Subodh P.G. Mahila Mahavidyalaya
JAIPUR